प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

न्यूट्री स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन

पंतनगर। 12 अप्रैल 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में चल रही अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–कृषि में महिलाओं द्वारा भीमताल ब्लॉक के बेलुवाखान एवं गेठिया गांव में ग्रामीण महिलाओं हेतु व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'भारत का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत चलाये जा रहे न्यूट्री स्मार्ट विलेज कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी जागरूकता पैदा करना, ग्रामीण परिवारों के खान–पान संबंधी आदतों में सुधार लाना, पोषक आहार एवं ग्रामीण क्षेत्र के परम्परागत व्यंजनों को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–कृषि में महिलाएं द्वारा 12 राज्यों के 75 गांवों में चलाया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में बेलुवाखान एवं गेठिया गांव की महिलाओं द्वारा विभिन्न परम्परागत व्यंजन, जैसे–मडुवे की रोटी, तिमिल की सब्जी, भट के डुबके, चौलाई की सब्जी, चौलाई का हलुआ, भट की चुड़कानी, पूड़ी, चना एवं हलुवा, कढ़ी चावल, मिक्स पकौड़े एवं पुदीना की चटनी, आलू के गुटके, बुरांश की चाय तथा न्यूट्री थाली आदि बनाये गये।

प्रतियोगिता में बेलुवाखान गांव की श्रीमती आरती ने प्रथम स्थान (भट की चुड़कानी एवं चावल) एवं श्रीमती आनन्दी आर्या (पकौड़ी एवं भांग की चटनी) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गेठिया गांव में श्रीमती रेखा अग्रवाल ने प्रथम स्थान (न्यूट्री थाली), श्रीमती रीमा कुमांउनी ने द्वितीय स्थान (न्यूट्री थाली) एवं श्रीमती मधु आर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिह्न वितरित किये गये।

प्रतियोगिता में पुरस्कृत करते अतिथिगण।